ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

# नगर निगम, शाहजहॉपुर।

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 11.08.2021

''वीर शहीदों को नमन''

- नगर आयुक्त महोदय के निर्देशन में डूडा द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत ''संकल्प से सिद्वि'' के तहत पथ विक्रेताओं को आज दिनांक 11.08.2021 को कवि तिराहे पर बने एम0टी0एस0 हाल में कैम्प लगाकर किया गया ऋण वितरण। सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता द्वारा किया गया निरीक्षण।

- नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा आज दिनांक 11.08.2021 को नगर के समस्त जोनों के सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों व सफाई नायकों के साथ की गई एक बैठक।

- कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर आज दिनांक 11.08.2021 को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कराया गया सेनेटाइजेशन का कार्य।

1. नगर आयुक्त महोदय के निर्देशन में डूडा द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत ''संकल्प से सिद्वि'' के तहत पथ विक्रेताओं को आज दिनांक 11.08.2021 को कवि तिराहे पर बने एम0टी0एस0 हाल में कैम्प लगाकर ऋण वितरण किया गया। भारत सरकार द्वारा संचालित पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत नगर में रह रहें गरीब, बेसहारा व पथ विक्रेताओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ''संकल्प से सिद्वि'' के तहत पथ विक्रेताओं को ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके क्रम में आज दिनांक 11.08.2021 को नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देशन में डूडा द्वारा कवि तिराहे पर बने एम0टी0एस0 हाल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता द्वारा ''संकल्प से सिद्वि'' के तहत आयोजित कैम्प में किये जा रहें कार्यो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता द्वारा ऋण हेतु प्राप्त हुये आनलाइन आवेदन, पथ विक्रेताओं के स्वीकृत ऋण व कोविड–19 के संक्रमण से पथ विक्रेताओ को बचाये जाने के लिये किये जा रहें कोविड–19 टीकाकरण के बारे में जानकारी की गई। जिसमें संबन्धित द्वारा अवगत कराया गया कि पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत ऋण हेतु 206 आनलाइन आवेदन प्राप्त किये गये व 53 ऋण स्वीकृत पथ विक्रेताओं को वितरित किया गये। साथ ही संबन्धित द्वारा बताया गया कि कोविड–19 के संक्रमण के दृष्टिगत 50 पथ विक्रेताओ के टीकाकरण किया गया। निरीक्षण के समय सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता द्वारा भारत सरकार द्वारा संचालित पीएम स्वनिधि याजेना के अन्तर्गत पात्र लाभार्थियों को अधिक से अधिक लाभ पहुॅचायें जाने हेतु संबन्धित को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

2. नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा आज दिनांक 11.08.2021 को नगर के समस्त जोनों के सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों व सफाई नायकों के साथ बैठक की गई एक। बैठक में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 वी0के0 वर्मा द्वारा नगर में की जा रही सफाई व्यवस्था व आमजन को कोविड–19 के संक्रमण से बचाये जाने के उद्देश्य से नगर में कराये जा रहें सेनेटाइजेशन, फागिंग एवं एण्टीलार्वा का छिड़काव के बारे में जानकारी ली गई। बैठक में उपस्थित सफाई एवं खाद्य निरक्षकों एवं सफाई नायकों द्वारा अवगत कराया गया कि नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नियमित रुप से सफाई का कार्य कराया जा रहा है व आमजन को कोविड–19 के संक्रमण से बचाये जाने के लिये जोनवार सेनेटाइजेशन, फागिंग एवं एण्टीलार्वा का छिड़काव का कार्य कराया जा रहा है। बैठक के दौरान नगर स्वास्थ्य द्वारा सावन माह के दृष्टिगत सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर किये जाने व नगर के विभिन्न क्षेत्रों में बने मन्दिरों व उनके जाने वाले मार्ग पर चूना छिड़काव कराये जाने हेतु व कोविड–19 की गाइडलाइन का पालन करते हुये नगर के प्रत्येक क्षेत्र में सेनेटाइजेशन, फागिंग व एण्टीलार्वा का छिड़काव किये जाने हेतु समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों व सफाई नायकों को विशेष दिशा–निर्देश दिये गये। आमजन को साथ ही नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा व नगर को साफ एवं स्वच्छ बनाये रखने हेतु बैठक में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 वी0के0 वर्मा के साथ समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों पवन कुमार, हरवंश कुमार दीक्षित, राजमंगल सिंह, चन्द्रवीर सिंह सागर, सुनील कुमार शाक्य एवं समस्त सफाई नायक उपस्थित रहें।

3. कोविड–19 महामारी के संक्रमण को ध्यान में रखते हुये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के संक्रमण को नगर में जड़ से मिटाने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा नगर में नियमित रुप से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियों में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित गया किया है। जिसके क्रम में आज दिनांक 11.08.2021 को जोन–1 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार द्वारा कचहरी, कलेक्ट्रेट, विकास भवन, ऑफीसर्स कालोनी, निरीक्षण भवन, दुर्घटना न्यायालय, एमनजई जलालनगर, आवास विकास कॉलोनी में वृहद स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–2 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित द्वारा मक्कू बजरिया में सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया। जोन–3 के अर्न्तगत– सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल द्वारा खलीलशर्की, चौभुर्जी, महमंद जंगला, अलीजई एवं आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–04 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर द्वारा कॉशीराम कॉलोनी, जिला अस्पताल, अजीजगंज रैन बसेरा, मोक्षधाम, गॉधी पार्क एवं अन्य क्षेत्रो में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–5 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य द्वारा अहमदपुर रेती, ख्वाजा फिरोज, चमकनी गाड़ीपुरा में सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नगर में बने धार्मिक स्थलो, मुख्य बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों आदि पर सेनेटाइजेशन का कार्य किया गया। इस अभियान के दौरान आज दिनांक 11.08.2021 को लगभग 3280 स्थलों तथा 600 व्यवसायिक प्रतिष्ठानो, 05 मुख्य बाजारो जैसे– बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रौजा अडडा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हॉस्पिटल, स्कूल, कॉलेज, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनुमतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले क्षेत्रों में सघन सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहॉपुर।